प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में इंडक्शन प्रोग्राम का दूसरा दिन

पंतनगर 19 जुलाई 2022। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में नवागंतुक विद्यार्थियों हेतु चल रही इंडक्शन प्रोग्राम के दूसरे दिन निदेशक, आईसीएआर, शीत जल मत्स्य अनुसंधान निदेशालय, भीमताल, डा. प्रमोद कुमार पांडे ने कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय का भ्रमण किया तथा नए प्रवेशित एमबीए विद्यार्थियों एवं फैकल्टी के साथ बातचीत की। उन्होंने बताया कि भारतीय हिमालयी राज्यों में ग्रामीण उद्यमियों के लिए मछली पालन के माध्यम से आजीविका के अवसर हैं।

इस अवसर पर निदेशक अनुसंधान, डा. अजीत सिंह नैन ने विभिन्न फसलों एवं पौधों के नाभिक, ब्रीडर, नींव व प्रमाणित बीज तथा विभिन्न फसलों की रोपण सामग्री के अनुसंधान एवं बिजनेस मॉडल के बारे में बताया। उन्होंने जैव नियंत्रण एजेंटों, जैव–उर्वरक, वर्मी–कम्पोस्ट, पशुधन और कुक्कुट के उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में बताया। अधिष्ठाता सीएबीएम, डा. आर.एस. जादौन; संकाय सदस्यों एवं निदेशक, डीसीएफआर, भीमताल, डा. प्रमोद पांडेय ने विपणन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोगात्मक कार्य करने के संभावित अवसरों पर चर्चा की। यह संयुक्त कार्य दो प्रमुख आईसीएआर संस्थानों को ग्रामीण आय उत्पन्न करने और आर्थिक रूप से वंचित आबादी को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।

विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों पर चल रहे विभिन्न अनुसंधानों का भ्रमण किया एवं विस्तार गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इंडक्शन प्रोग्राम में अतिथि को सम्मानित करते अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, डा. आर.एस. जादौन।